**INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL**

**D.A.V. (P.G.) COLLEGE, MUZAFFARNAGAR**

*(COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXCELLENCE – STATUS AWARDED BY U.G.C.)*

(AFFILIATED TO C.C.S. UNIVERSITY, MEERUT

Dr. P.K Gupta
Chairperson
R.M. Tiwari
Co-Ordinator

ESTD. 1950

ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR
251001, (UP) INDIA
PHONE: 0131–2622667 (OFF.)
0131- 2620020 (FAX)
WEBSITE: WWW.DAVCOLLEGEMZN.ORG
EMAIL: INFO@DAVCOLLEGEMZN.ORG
DAVCOLLEGE066@GMAIL.COM

Ref.: DAV/ / 2016-17 Date-21/10/2016

आज दिनांक 21.10.2016 को दोपहर 12.30 बजे आई0क्यू0ए0सी0 के निम्न सदस्यों की एक आवश्यक बैठक कॉलेज सभाकक्ष में आहूत की गई। बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित हुए:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. डा0 पी0के0 गुप्ता | – | अध्यक्ष |
| 2. श्री आर0एम0 तिवारी | – | समन्वयक |
| 3. डा0 एम0के0 बंसल | – | सदस्य |
| 4. डा0 एस0एन0 चौहान | – | सदस्य |
| 5. डा0 सुनीता शर्मा | – | सदस्य |
| 6. डा0 राजेश गर्ग | – | सदस्य |
| 7. डा0 गरिमा जैन | – | सदस्य |
| 8. डा0 मुकेश चन्द | – | सदस्य |
| 9. डा0 वेदपाल सिंह | – | सदस्य |
| 10. डा0 संजय कुमार | – | सदस्य |
| 11. श्री विनोद कुमार धीमान | – | सदस्य |
| 12. श्री विनय तायल | – | सदस्य |
| 13. श्री अभिषेक बंसल | – | सदस्य |

बैठक की कार्यवाही निम्न प्रकार है।

1. गत बैठक दिनांक 12.09.2016 की कार्यवाही सभा के सम्मुख पढ़कर सुनाई गई, जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।
2. समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा सभा को सत्र 2016–17 के वार्षिक कैलेण्डर से अवगत कराया गया जिसका समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि वार्षिक कैलेण्डर को महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाये।
3. समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा सभा को अवगत कराया गया कि महाविद्यालय की AQAR की तैयारी की प्रक्रिया चल रही है। प्राचार्य महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि AQAR शीघ्र ही पूर्ण करा ली जाये तथा इसे भी महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही नैक कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाये।
4. समिति को अवगत कराया गया कि विभिन्न विभागों से प्राप्त डाटा को निर्धारित प्रारुप पर तैयार किया जाना है। जिसके लिए श्री तिवारी जी एवं डा0 गरिमा जैन को दायित्व दिया गया कि उक्त कार्य को अपने निर्देशन में श्री विनायक शर्मा से शीघ्रातिशीघ्र सम्पन्न करा लिया जाये।
5. डा0 गरिमा जैन द्वारा नैक को प्रस्तुत किये जाने हेतु स्नातकोत्तर विषयों के विद्यार्थियों द्वारा भरे गये फीडबैक फार्म विभागो से मँगवाकर IQAC कार्यालय में रखे जाने का प्रस्ताव रखा गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त कार्य हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा सम्बन्धित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया जाये।

**INTERNAL QUALITY ASSURANCE CELL**
**D.A.V. (P.G) COLLEGE, MUZAFFARNAGAR**
*(COLLEGE WITH POTENTIAL FOR EXCELLENCE – STATUS AWARDED BY U.G.C.)*
(AFFILIATED TO C.C.S. UNIVERSITY, MEERUT

Dr. P.K Gupta
Chairperson
R.M. Tiwari
Co-Ordinator

ESTD. 1950

ARYA SAMAJ ROAD, MUZAFFARNAGAR
251001, (UP) INDIA
PHONE : 0131– 2622667 (OFF.)
0131- 2620020 (FAX)
WEBSITE: WWW.DAVCOLLEGEMZN.ORG
EMAIL : INFO@DAVCOLLEGEMZN.ORG
DAVCOLLEGE066@GMAIL.COM

6. डा0 गरिमा जैन द्वारा सुझाव दिया गया कि विभागीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिता एवं सेमीनार तथा Alumni Meet आदि का आयोजन किया जाये। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त हेतु प्राचार्य महोदय विभागाध्यक्ष को निर्देशित करने का कष्ट करें।
7. समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा महाविद्यालय में अन्य ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों से इतर अन्य गतिविधियॉ जिनमें विद्यार्थियों की प्रतिभागिता हो तथा उनकी प्रतिभा का विकास हो का आयोजन महाविद्यालय में किया जाना चाहिए तथा साथ ही महाविद्यालय में चल रहे विकास/मरम्मत कार्यों को भी शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करा लिया जाये। उक्त हेतु प्राचार्य द्वारा समिति को आश्वासन दिया गया कि सभी कार्य समय से पूर्ण करा लिये जायेगें।
8. समन्वयक, आई0क्यू0ए0सी0 द्वारा प्राचार्य एवं समिति के सदस्यों से सह–पाठ्यक्रम एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियो हेतु रुपरेखा तैयार करने हेतु एवं उनको शीघ्र ही आयोजित करने हेतु कहा गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा सम्बन्धित समिति को निर्देशित किया जाये।
9. डा0 गरिमा जैन द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभागीय स्तर पर राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जाये। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त हेतु प्रस्ताव तैयार कर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित कर दिया जायें ताकि प्रस्ताव अनुमन्य होने पर वित्तीय सहायता प्राप्त हो सकें।
10. समिति द्वारा विभागीय स्तर पर विद्यार्थियो के शैक्षणिक भ्रमण की योजना से प्राचार्य को अवगत कराया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य को शिक्षक अपनी जिम्मेदारी पर भी पूर्ण करा सकते है।
11. यह भी सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन आन्तरिक परीक्षा के उपरान्त किया जाये। उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्राचार्य महोदय द्वारा सम्बन्धित समिति के सचिव/समन्वयक को निर्देशित किया गया।
12. सभा में निर्णय लिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों को हैरीटेज क्लब एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाये। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि विद्यार्थियों को सामाजिक जागरुकता कार्यक्रमों से और अधिक जोड़ने की आवश्यकता है। जिसके लिए एन0एस0एस0/एन0सी0सी0 अधिकारियों को निर्देशित किया जाये।
13. महाविद्यालय में लाईट जाने पर विद्युत आपूर्ति हेतु डीजल की खपत एवं पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सोलर एनर्जी सिस्टम को बढावा देने हेतु विचार विमर्श किया गया। उक्त के संबंध में आवश्यकता एवं अनुमानित खर्च के अनुरुप निर्णय लिये जाने का प्रस्ताव रखा गया।
14. यह भी निर्णय लिया गया कि कम्प्यूटर सम्बन्धी कार्य करने हेतु महाविद्यालय कर्मचारियें के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया तैयार की जाये। यह भी सुझाव प्रस्तुत किया गया कि उक्त कार्य हेतु श्री राहुल शर्मा प्रभारी, स्ववित्त पोषित विभाग को निर्देशित किया जायें।